# First Terminal Examination, August 2023

**Part – II**

**HINDI**

**Maximum: 80 Scores** Time: 2½ Hours

**Class: Plus Two** Cool-off time:15 Minutes

**सामान्य निर्देश :**

- **प्रश्न वाचन और चिंतन केलिए 15 मिनट का समय है।**
- **उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।**
- **स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।**
- **सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

**सूचना: 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें।** (5×1= 5)

1. सातवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था ? (अमरीका, सूरीनाम, ब्रिटन )

2. कैदी बाप को किसका खत मिला ? (बेटी का, बेटे का, पत्नी का)

3. 'समुद्र' का समानार्थी शब्द कौन-सा है ? (मंडन, ,पयोद, रत्नाकर )

4. 'मेरे भारतवासियो' किस विधा की रचना है? (भाषण, जवाबी पत्र, सफ़रनामा)

5. सूरदास किसका भक्त था? (राम का, शिव का, कृष्ण का)

**सूचनाः कविताांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

जिसके रज में लोट-लोट कर बडे हुए हैं।
घुटनों के बल सरक-सरक कर खड़े हुए हैं।
परमहंस सम बाल्यकाल में सब सुख पाए।
जिसके कारण धूल भरे हीरे कहलाए।
हम खेले - कूदे हर्षयुत, जिसकी प्यारी गोद में।
हे मातृभूमि ! तुझको निरख, मग्न क्यों न हो मोद में?

6. 'आनंद' का **समानार्थी शब्द** कविताांश से ढूँढ़कर लिखें।

( धूल, मोद, हीरा ) (1)

7. हम कैसे बडे हुए हैं? (2)

8. कविताांश की **आस्वादन टिप्पणी** लिखें। (6)

**सूचना : 9 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखे** (2 x 2 = 4)

9. "तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा?" - कवि क्यों इस प्रकार सोचते हैं?

10. "उसके एवज़ में मैंने मलिका का एक हार उनको दे दिया।" - मलिका का हार किसने किसको दिया?

11. "दोनों देश अनेक अर्थों में एक दूसरे से गहरे जुडे हैं। दोनों के बीच पुराने भाषाई संबंध है।"- दोनों देश कौन-कौन-से हैं?

**सूचनाः 12 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें।** (3 × 4 = 12)

12. ये कथन पढ़ें और बादशाह के **चरित्र पर टिप्पणी** लिखें।

* तीन दफ़ा सुनने के बाद भी दिल को करार नहीं आया।
* दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे। वे क्या यह नहीं जानते कि मैं भी उनको रोता हूँ।

13. जीवन-वृत्त पढ़ें और मैथिलीशरण गुप्त के बारे में एक **अनुच्छेद** लिखें।

**जीवन-वृत्त**

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | मैथिलीशरण गुप्त |
| जन्म | : | 1885, चिर गाँव, उत्तर प्रदेश |
| विशेषता | : | पुराणों के उपेक्षित पात्रों को लेकर काव्य रचना। |
| रचनाएँ | : | पंचवटी, साकेत, यशोधरा |
| पुरस्कार | : | पद्मभूषण (1954) |
| मृत्यु | : | 1965 |

14. तालिका से **सही शब्द** चुनकर **मिलान** करें -

| | |
|---|---|
| अनाथ | तोहफ़ा |
| देश | गुंजाइश |
| संभावना | मुल्क |
| इनाम | यतीम |

15. हिंदी अब गिरमिटिया श्रमिकों की ही नहीं, शासकों, राष्ट्राध्यक्षों की भाषा बन गयी है। - हिंदी के प्रचार-प्रसार में **किन-किन का विशेष योगदान** रहा है?

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।**

कई वर्षों पहले हमने नियति को मिलने का वचन दिया था और अब समय आ गया है कि हम अपने वचन को निभाएँ, पूरी तरह न सही लेकिन बहुत हद तक आज रात बारह बजे जब सारी दुनिया सो रही होगी,

भारत जीवन और स्वतंत्रता की नई सुबह के साथ उठेगा। एक ऐसा क्षण जो इतिहास में बहुत कम ही आता है, जब हम पुराने को छोड़ नए की तरफ़ जाते हैं, जब एक युग का अंत होता है और जब वर्षों से शोषित एक देश की आत्मा अपनी बात कह सकती है, यह एक संयोग है कि इस पवित्र मौके पर हम समर्पण के साथ खुद को भारत और उसकी जनता की सेवा और उससे भी बढ़कर सारी मानवता की सेवा करने के लिए प्रतिज्ञा ले रहे हैं।

16. स्वतंत्रता के मौके पर हमें क्या प्रतिज्ञा लेनी चाहिए? (2)

17. खंड का **संक्षेपण** करें। (6)

सूचना : 18 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें। ( 3×6= 18)

**18.** पद पढ़ें और **भावार्थ** लिखें।

सुतमुख देखि जसोदा फूली।
हरषित देखि दूध की दंतियाँ प्रेम मगन तनु की सुधि भूली ॥
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ धौं सुंदर सुखदाई ॥
तनक तनक सी दूध की दंतियाँ देखौ नैन सुफल करो आई॥
आनंद सहित महर तब आए मुख चितवन दोउ नैन अघाई।
'सूर' स्याम किलकत द्विज देख्यो मनो कमल पर बीजु जमाई ॥

19. अंग्रेजों ने कैदियों का खर्चा आधा कर दिया। अगले दिन के समाचार पत्रों में यह घटना समाचार बनकर आई। वह **समाचार** तैयार करें।

* ईद का अवसर
* तोहफा देना
* मलिका का हार
* जवाहरात ज़्यादा

20. अंग्रेज़ी खंड पढ़ें और हिन्दी में **अनुवाद** करें।

Many languages are spoken in India. Hindi is the most spoken language of India. Hindi is the national language of India. Today the popularity of Hindi is increasing all over the world.

(Spoken: बोली जाने, National language: राष्ट्रभाषा, popularity: लोकप्रियता, increase: बढ़ना)

21. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आप के स्कूल में स्वतंत्रता संग्राम से संबन्धित एक "फोटो प्रदर्शिनी" (Photo Exibition) चल रही है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें।

22. नेहरुजी का भाषण पढ़नेवाला एक छात्र अपने मित्र से इसके बारे में बातचीत करता है। संकेतों की सहायता से वह **बातचीत** तैयार करें।

* स्वतंत्रता प्राप्ति
* नए भारत का निर्माण
* भारतवासियों का कर्तव्य
* विश्व बंधुत्व की भावना

**23. सही मिलान करें।** **(1 ×8 = 8)**

| | | |
|---|---|---|
| नीलांबर | - | सिंहासन |
| सूर्य -चंद्र | - | मंडन |
| रत्नाकर | - | परिधान |
| फूल - तारे | - | मुकुट |
| नदियाँ | - | अभिषेक |
| खग वृंद | - | मेखला |
| पयोद | - | प्रेम प्रवाह |
| शेषफन | - | बंदीजन |

**सूचना : 24 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें।** **(2×8=16)**

24. हिंदुस्तान कंपनी की ओर से बाज़ार में **'इलेक्ट्रिक कार'** ( Electric car) आनेवाली है। इसकी बिक्री बढ़ाने केलिए उचित **विज्ञापन** तैयार करें।

* इंधन के रूप में बिजली
* प्रदूषण रहित
* बढ़िया इंजन क्षमता
* कम खर्च

25. बेटी के ऑसुनामा ने बादशाह के मन को विचलित कर दिया। वे उस दिन की डायरी मे इसका जिक्र करते हैं। वह **डायरी** तैयार करें।

* परिवार वालों की सोच
* प्रजा के प्रति आकुलता
* खत पढने पर उत्पन्न दर्द
* देश के प्रति प्रेम

26. हिमांशु जोशी विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने केलिए पारामारिबो पहूँचे। वहाँ के अनुभवों के बारे में वे अपने मित्र को पत्र लिखते हैं। वह **पत्र** तैयार करें।

* लोगों के उत्साह
* उद्घाटन समारोह
* राष्ट्रपति का भाषण
* हिंदी भाषा का प्रचार